


हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शनिवार 28 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 85 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जज़्बा रखो तो पत्थर भी पिघल जाता है,हौसला हो तो किस्मत भी बदल जाता है। हारने का डर छोड़ दो,जीत अपने आप आ जाएगी।

# बिहारशरीफ में रामनवमी पर ऐतिहासिक शोभायात्रा, भगवा रंग में रंगा पूरा शहर, हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## रामनवमी पर बिहारशरीफ बना 'राममय', ऐतिहासिक शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, ड्रोन निगरानी के बीच ऐतिहासिक जुलूस

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को बिहारशरीफ में भव्य, विशाल और ऐतिहासिक रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर पूरी तरह भगवा रंग में रंग गया और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर तरफ "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। रामनवमी शोभा यात्रा समिति के देखरेख में आयोजित इस विराट आयोजन में आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और झारखंड से झांकियां एवं सिंगार दल (सिंघा) मंगाए गए थे, जिसने शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। पारंपरिक वेशभूषा, धार्मिक प्रस्तुतियों और जीवंत झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा की शुरुआत शहर के श्रम कल्याण केंद्र प्रांगण से हुई, जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अपने निर्धारित गंतव्य की ओर बढ़ी। यात्रा के दौरान जनसैलाब का उत्साह चरम पर देखने को मिला। हाथों में भगवा झंडा लिए युवाओं की टोलियां पूरे जोश के साथ शोभायात्रा में शामिल रहीं। इस आयोजन का नेतृत्व कर रहे समिति सदस्य सह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन सनातन धर्म के प्रति आस्था, एकता और गरिमा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बिना किसी औपचारिक निमंत्रण के हजारों श्रद्धालु स्वतःस्फूर्त होकर इस पर्व में शामिल हुए, जो लोगों की आस्था को दर्शाता है।









वहीं, शोभायात्रा में स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने सभी शहरवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहारशरीफ में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जहां सभी वर्गों के लोग मिलकर इस पर्व को सौहार्द और भव्यता के साथ मनाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते हुए पूजन–अर्चन में भी भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आए। संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही, पूरे रूट पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी गई। प्रशासन द्वारा प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग और दंडाधिकारियों की तैनाती कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर, बिहारशरीफ की यह रामनवमी शोभायात्रा आस्था, उत्साह और भव्यता का अद्भुत संगम बनकर सामने आई, जिसने पूरे शहर को राममय कर दिया।

# पटना में बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का रोमांच खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

## देश विदेश के खिलाडियों का हौसला बढ़ाने पहुंचीं खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार) ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में रोमांच चरम पर पहुंच गया है। प्रतियोगिता के छठे चक्र की शुरुआत से पहले राज्य की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। खेल मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने विश्व स्तर पर शतरंज में जो पहचान बनाई है, उसी ऊर्जा और प्रतिभा की झलक अब बिहार के खिलाड़ियों में भी देखने को मिल रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार खिलाड़ियों और आयोजकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। इस दौरान उन्होंने प्रथम बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर पीटर किरियाकोव के साथ चाल चलकर छठे चक्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना और सचिव धर्मेंद्र कुमार ने खेल मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के उपनिदेशक हिमांशु सिंह द्वारा किया गया।

**छठे चक्र के बाद तीन खिलाड़ी शीर्ष पर**

छठे चक्र की समाप्ति के बाद तीन खिलाड़ी छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। पहले बोर्ड पर काले मोहरों से खेलते हुए ग्रैंडमास्टर पीटर किरियाकोव ने पटना के तबशीर आलम को 41 चालों में पराजित किया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा और कई बार बाजी ड्रॉ की स्थिति में नजर आई, लेकिन अंततः अनुभव के दम पर ग्रैंडमास्टर ने जीत दर्ज की। दूसरे बोर्ड पर इंद्रजीत महिंद्राकर ने सफेद मोहरों से खेलते हुए के.के. चटर्जी को 31 चालों में हराया। वहीं तीसरे बोर्ड पर पश्चिम बंगाल के परमब्रत सरकार ने बिहार के पूर्व राज्य चौंपियन सौरभ रूप को महज 21 चालों में पराजित कर दिया। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में झारखंड के कृष्ण कुमार साव को दिल्ली के सुंदरम कुमार ने 85 चालों की लंबी और रोमांचक बाजी में शिकस्त दी।



**शीर्ष मुकाबलों के प्रमुख परिणाम**

छठे चक्र के प्रमुख मुकाबलों में पीटर किरियाकोव, इंद्रजीत महिंद्राकर, परमब्रत सरकार, सुंदरम कुमार, अभ्रोज्योति नाथ, समीर चौधरी, आशुतोष कुमार, पृथ्वी शर्मा और अमन बलाना ने जीत दर्ज की, जबकि रुपेश जयसवाल और शुभम कुमार के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। प्रतियोगिता में देश–विदेश के खिलाड़ियों की भागीदारी से मुकाबले का स्तर काफी ऊंचा हो गया है और हर दौर के साथ प्रतिस्पर्धा और भी दिलचस्प होती जा रही है।




# नालंदा में तालाब में डूबने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत, गांव में पसरा मातम

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के छोटी पैठना गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान छोटी पैठना गांव निवासी संजीत कुमार के पुत्र अमरजीत कुमार उर्फ भोला के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमरजीत अपने कुछ साथियों के साथ गांव स्थित सूर्य मंदिर तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बच्चे को डूबता देख उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद बच्चे को तालाब से बाहर निकाला। आनन–फानन में उसे स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई थी। प्रशासन के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा जाएगा। इस दर्दनाक घटना से मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।




# नालंदा पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री पद को लेकर दिया बड़ा बयान



**केशववाणी सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित सर्किट हाउस में ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार पहुंचे, जहां उनका स्थानीय अधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और मुख्यमंत्री पद को लेकर अहम बयान दिया। मंत्री श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अभी 9 अप्रैल तक का समय शेष है और उसके बाद ही आगे की राजनीतिक तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट होगी। मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही अटकलों पर उन्होंने कहा कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला जल्दबाजी में नहीं बल्कि विचार–विमर्श के बाद लिया जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी सहयोगी दल मिलकर निर्णय लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से नेता का चयन किया जाएगा, लेकिन इतना तय है कि नए मुख्यमंत्री का चयन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इच्छा और मार्गदर्शन के अनुसार ही किया जाएगा। उनके अनुभव और नेतृत्व को देखते हुए गठबंधन उनके फैसले का सम्मान करेगा। मंत्री ने यह भी कहा कि बिहार में विकास की गति को बनाए रखने और सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह राज्यहित और जनभावनाओं को ध्यान में रखकर ही लिया जाएगा।




# हिलसा के काली स्थान में चौती नवरात्र पर भक्ति जागरण, कलाकारों ने बांधा समां

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** जिले के हिलसा स्थित काली स्थान में नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खास बात यह रही कि दूसरे राज्यों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इन झांकियों को देखकर श्रद्धालु काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। जानकारी के अनुसार, काली स्थान स्थित मां काली मंदिर में हर वर्ष चौती नवरात्र के अवसर पर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है। इसके साथ ही भक्ति जागरण का आयोजन भी परंपरागत रूप से किया जाता है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ–साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति गीतों, भजनों और झांकियों के माध्यम से श्रद्धालु देर रात तक मां काली की भक्ति में लीन रहे। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था और परंपरा का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# हरनौत बाजार स्थित पुराना थाना के पास एक मकान में 16 वर्षीय युवती को दिनदहाड़े गोली मारकर किया हत्या,जांच में जुटी पुलिस



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घर में घुसकर एक नाबालिग छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना हरनौत थाना क्षेत्र के डाक बंगला रोड स्थित नर्स ब्लॉक के पास की बताई जा रही है। मृतका की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी वशिष्ठ नारायण की 16 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय छात्रा घर में अकेली थी। उसके पिता लोको पायलट हैं और परिवार के अन्य सदस्य फिलहाल गुजरात में हैं। काजल पिछले दो वर्षों से हरनौत में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताया जाता है कि काजल शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे अपने रिश्तेदार के घर से लौटकर कमरे पर आई थी। इसके लगभग दो घंटे बाद, सुबह 10 बजे अचानक गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर मकान मालिक दंपति जब कमरे में पहुंचे तो वहां का दृश्य देख सन्न रह गए। दरवाजा खुला था और काजल कुर्सी पर मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके सिर में गोली लगी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से महज तीन फीट की दूरी पर एक बेंच पर देसी पिस्तौल बरामद किया गया है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ सदर डीएसपी–2 संजय कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया गया। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने मौके से जरूरी सबूत एकत्र किए। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। वहीं, स्थानीय स्तर पर प्रेम–प्रसंग की चर्चा भी सामने आ रही है, जिसे लेकर पुलिस गहराई से जांच कर रही है। इस संबंध में डीएसपी–2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि सुबह 10 बजे फायरिंग की सूचना मिली थी। दूसरी मंजिल के कमरे से छात्रा का शव और पास में देसी कट्टा बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस हर संभावित पहलू पर गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।




# रामनवमी शोभायात्रा में रोटरी क्लब नालंदा ने लगाया सेवा शिविर, श्रद्धालुओं को वितरित किया ग्लूकोज जल




**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** रामनवमी शोभायात्रा के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ नालंदा द्वारा गांधी मैदान मार्ग पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के बीच ग्लूकोज युक्त पानी का वितरण किया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को काफी राहत मिली। शिविर का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष डॉ. अवधेश ने किया। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब नालंदा हमेशा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि इस सेवा कार्य के माध्यम से गर्मी से परेशान लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जो मानव सेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस मौके पर दिग्विजय नारायण सिंह एवं तन्नू सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब नालंदा सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़–चढ़कर भाग लेता है और आगे भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रहेगा। वहीं, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार ने कहा कि क्लब का यह प्रयास समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है और इससे सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में सचिव रो राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष रो बंटी कुमार, परियोजना अध्यक्ष रो शशिकांत गुप्ता, रो डॉ. राजीव रंजन, रोटेरियन डॉ. कुमार सौरभ, रो गगन विरमानी, रो सुधीर कुमार, रो डॉ. अजीत कुमार सिंह, रो डॉ. अशोक कुमार, रोटेरियन संजीत, रोटेरियन सुमित रस्तोगी, रोटेरियन निलेश कुमार, रो विनीता देवी, रोटेरियन राजा बाबू, रो धनंजय कुमार, रो रीता कुमारी, रितु रानी, नैंसी रस्तोगी, स्वेता कुमारी, संगीता कुमारी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# हौसलों की राइड अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय पैरा शूटर संजीव गिरी का पटना में भव्य स्वागत

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट पटना।** पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने और दिव्यांगजनों में खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान "हौसलों की राइड " के तहत अंतरराष्ट्रीय पैरा शूटर संजीव कुमार गिरी का पटना आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। उनका स्वागत बिहार पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कार्यालय, शीला कॉम्प्लेक्स, न्यू बहादुरपुर, राजेंद्र नगर में किया गया। यह प्रेरणादायक बाइक यात्रा 25 मार्च 2026 को दिल्ली से शुरू हुई थी, जो आगरा, लखनऊ, अयोध्या, गोपालगंज और सारण होते हुए पटना पहुंची। लगभग 3000 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान आगे बिहार के कई जिलों—नालंदा, गया, राजगीर, वैशाली, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर—में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पटना पहुंचने के बाद संजीव गिरी को समस्तीपुर के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि संजीव कुमार गिरी ने हाल ही में डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप 2024 में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश और बिहार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डॉ. शिवाजी कुमार (अध्यक्ष), संतोष कुमार सिन्हा (प्रोग्राम मैनेजर), कोच तुलसी कुमार, सोनू कुमार (आईटी मैनेजर, बीएपीडब्ल्यूडी) और संतोष कुमार (बाइक राइडर्स) समेत कई दिव्यांग खिलाड़ी एवं स्पेशल बाइक राइडर्स मौजूद रहे। सभी ने संजीव गिरी का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।



"हौसलों की राइड " अभियान का मुख्य उद्देश्य देश में पैरा स्पोर्ट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दिव्यांगजनों को खेलों के लिए प्रेरित करना, समावेशिता और समान अवसरों को बढ़ावा देना है। इस अभियान की टैगलाइन "सीमाएं नहीं, क्षमताएं देखो" है, जबकि इसका संदेश है कि "दिव्यांगता कोई सीमा नहीं, बल्कि एक अलग प्रकार की शक्ति है। यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और दिव्यांगजनों को सशक्त रूप से मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# लंघौरा धर्मपुर गांव में अखंड कीर्तन को लेकर 301 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के पोआरी पंचायत के लंघौरा धर्मपुर गांव में रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 अखंड कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से प्रत्येक साल की तरह इस साल भी गांव में स्थित भोले स्थान मंदिर में 72 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड एक कीर्तन के पूर्व शुक्रवार को 301 महिला श्रद्धालु एवं कन्याकुमारी के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश में जल भरने के लिए सभी श्रद्धालु पटना के अथमल गोला स्थित गंगा घाट से विधि विधान से मंत्रों उच्चारण करने के बाद कलश में जल भर गया। उसके बाद माथे पर कलश को लेकर सभी श्रद्धालु डीजे की भक्ति गीतों पर नाचते झूमते हुए पैदल चलते हुए पूरा क्षेत्र भ्रमण करने के बाद मंदिर में पहुंचा जहां कलश को स्थापित किया गया. उसके बाद 72 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हो गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर यहां पर कई बरसों से भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है।



अखंड कीर्तन का आयोजन होने से गांव में भक्ति मय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण लोग भक्ति के प्रति काफी उत्साहित है। इस कार्यक्रम को सफल में सुरेन यादव,वीरेंद्र यादव,अमित कुमार,मुखिया जी,रामनाथ, गोपाल ,भानु, प्रकाश, जयराम, अवधेश, दीपक, रवि, शशि, सागर, सनी समेत समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।

# सड़क दुर्घटना में आंगनबाड़ी सेविका की मौत, शिक्षक घायल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता ,राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट सिलाव (नालंदा)।** सड़क हादसे में सिलाव प्रखंड क्षेत्र गोरमा पंचायत के वार्ड 04 विंडीडीह के आंगनबाड़ी सेंटर टू के आंगनबाडी सेविका की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उनके शिक्षक पति हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना शुक्रवार को राजगीर थाना क्षेत्र के राजगीर गिरियक मार्ग स्थित वाटर पार्क के समीप हुई।गभीर रूप से घायल हुए शिक्षक का इलाज जारी है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के विंडीडीह निवासी शशिभूषण विद्यार्थी की 52 वर्षीय पत्नी किरण कुमारी के रूप में की गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल पति शशिभूषण विद्यार्थी का इलाज पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने किरण कुमारी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो रहा है। अस्पताल में मौजूद मृतका के चारों संतानों दो पुत्री और दो पुत्र नें बताया कि उनके माता–पिता राजगीर में दांत के डॉक्टर से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।बताया जाता है कि मृतका किरण कुमारी विंडीडीह में आंगनबाड़ी सेविका के रूप में कार्यरत थीं, जबकि उनके पति शशिभूषण विद्यार्थी भूई पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर में शिक्षक हैं। इस घटना से न केवल परिवार सहित गांव में भी शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही राजगीर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने पुलिस से अज्ञात वाहन और फरार चालक की जल्द पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। खासकर बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर और डंपर बड़ी संख्या में इस रास्ते से गुजरते हैं, जिनकी गति काफी अधिक होती है और अक्सर ये हादसों का कारण बनते हैं।









# बड़गांव तालाब से निकाला गया शव, फैली सनसनी छठ के पारण के दिन से ही गायब था किशोर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** सूर्यपीठ बड़गांव सूर्यतालाब में शुक्रवार की सुबह एक 15 वर्षीय किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ निवासी दिलीप रविदास के पुत्र दिलवाले कुमार के रूप में हुई है। वह छठ महापर्व के पारण के दिन से ही लापता था। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख–पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि दिलवाले सरस्वती पूजा के मौके पर अपने ननिहाल नालंदा थाना क्षेत्र के नत्थाचक गांव आया था। चौती छठ के दौरान वह अपने ननिहाल के लोगों के साथ अर्घ्य देने बड़गांव सूर्यतालाब गया था। सुबह अर्घ्य के बाद परिवार के अन्य सदस्य घर लौट आए, लेकिन दिलवाले स्नान करने के लिए तालाब पर ही रुक गया। जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। कोई सुराग न मिलने पर नालंदा थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। शुक्रवार की सुबह जब स्थानीय लोगों ने तालाब में एक शव को उपलाते देखा। यह खबर आग की तरह फैल गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान दिलवाले के रूप में की। वह पांच भाई–बहनों में सबसे छोटा था।



मृतक के मामा मनु कुमार ने कहा कि वे उसे पारण के दिन से ही खोजने में लगे थे। उन्हें क्या पता था कि वह अब कभी नहीं वापस आयेगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।



## बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल के पास कबाड़ में लगी आग, समय रहते पाया गया काबू

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** जिला मुख्यालय स्थित मॉडल अस्पताल के निकट रखे कबाड़ में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। आग की लपटें तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगीं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया और तत्काल अग्निशमन दल को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने बताया कि आशंका है कि किसी व्यक्ति द्वारा सिगरेट पीकर उसका जलता हुआ टुकड़ा कबाड़ के पास फेंक दिया गया होगा, जिससे आग लग गई। उन्होंने कहा कि तेज हवा के कारण पुराने अस्पताल के पीछे रखे कबाड़ में आग तेजी से फैल गई। उन्होंने यह भी बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह बड़ी घटना का रूप ले सकती थी। हालांकि, अस्पताल कर्मियों और अग्निशमन दल की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया।

# अजातशत्रु किला मैदान की झाड़ियों में लगा आग, दमकल कर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत

## प्रवेश द्वार नहीं रहने के कारण दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच सकी परिसर के अंदर

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** अजातशत्रु किला मैदान की झाड़ी में शुक्रवार की दोपहर आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। देखते ही देखते किला परिसर में फैली झाड़ियां और छोटे–छोटे पौधे जलकर नष्ट हो गए। तेज पछुआ हवा के कारण आग ने जोर पकड़ ली। लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी ज्योति कुमारी फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के साथ पहुंची। किला मैदान में जाने के लिए प्रवेश द्वार नहीं होने के कारण दमकल कर्मियों को अंदर पहुंचने में काफी परेशानी हुई। जवानों को दीवार और लोहे के ग्रिल फांदकर अंदर जाना पड़ा। दमकल गाड़ियां अंदर नहीं पहुंच पाने के कारण आग बुझाने का कार्य काफी चुनौतीपूर्ण हो गया। लंबी पाइपों के सहारे पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता रहा, लेकिन तेज हवा के कारण एक जगह आग शांत होते ही दूसरी जगह भड़क उठती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मंगाई गई। आग फैलते–फैलते वेणुवन की दक्षिणी दीवार तक पहुंच गई, जिससे खतरा बढ़ने लगा। हालात को देखते हुए वन विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई। फॉरेस्टर अमोद कुमार, वनरक्षी देव कुमार और फॉरेस्ट गार्ड सूर्यकांत के नेतृत्व में दर्जनों कर्मी आग पर काबू पाने में जुट गए।



वन विभाग द्वारा वेणु वन विहार परिसर से मोटर चालू कर पानी की बौछार की गई। स्थानीय लोग और कर्मी हरे पेड़ों की डालियों से आग को दबाने और फैलने से रोकने का प्रयास करते रहे। लोगों ने बताया कि आग किला मैदान के पश्चिम और दक्षिणी हिस्से से शुरू हुई और कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में फैल गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि सूखी घास व तेज गर्मी कारण हो सकता है।

## हरनौत बाजार में डरा–धमकाकर आईफोन मोबाईल छीना

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत बाजार से एक व्यक्ति का मोबाइल ले लिया गया है।वहीं पीड़ीत व्यक्ति 22 वर्षीय लोरिक कुमार( पिता योगेन्द्र केवट)है।जो मूलरूप से करायपरशुराय थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि मेरा नरसंडा बाजार में फुआ रहती है।उसी के यहां आए थे।जिसमें हमने हरनौत बाजार में घुमने समेत समान खरिदने के लिए आया था।जिसके बाद रांची रोड़ ( बख्तियारपुर–रजौली फोर लेन फ्लाईओवर के नीचे) में नई पेट्रोल पंप स्थित दुकान पर चाय पीने के रूका ।जहां पहले से कुछ लोग बैठे थे। जिसमें एक युवक ने कहा कि हमें अपना मोबाइल दो ।जिसको लेकर हमने मना किया। लेकिन उन्होंने गाली–गलौज करते हुए डरा धमकाकर जबरदस्ती मोबाईल छीन लिया।यहां तक तीन चार लड़के को भी बुला लिया। पीड़ीत व्यक्ति ने बताया कि उसमें से कुछ लड़के को हम पहचानते भी है।जिसमें अस्थावां थाना क्षेत्र के नेरूत गांव के सोनू पटेल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हमरा मोबाईल आईफोन 13 है। जिसका किमत तकरिबन 50 हजार रुपए है। पीड़ीत व्यक्ति ने बताया कि घटना बीते 28 जनवरी के दोपहर की है। उन्होंने कहा कि हम तामिलनाडु में एक निजी कंपनी में वर्ष 2024 से कॉन्ट्रैक्ट का काम करता हूं। रिजर्वेशन टिकट रहने के कारण व कंपनी से बुलावहटा आने के कारण हम तामिलनाडु चले गए थे । उसके बाद बीते पांच फरवरी को आईसीआर पोर्टल पर इसका आनलाईन शिकायत दर्ज करवाया। पुनः एक सप्ताह पहले हमने वापस आया हूं ।वहीं इसको लेकर पीड़ीत व्यक्ति ने वृहस्पतिवार को बिहार पुलिस, नालंदा पुलिस, बिहार पुलिस,बिहार सरकार के गृह विभाग , आईपीआरडी बिहार एवं साईबर दोस्त आई4सी के अधिकारिक ट्विटर (एक्स)अकाउंट पर अपने आवेदन को टैग किया है। उन्होंने आवेदन को टैग कर लिखा है कि सर, आज मैं हरनौत थाना गया था, लेकिन वहाँ से मुझे कहा गया कि जहाँ का व्यक्ति है वहाँ के थाने जाओ। जबकि घटना हरनौत ओवरब्रिज के पास हुई थी। कृपया मार्गदर्शन करें कि मुझे किस थाने में शिकायत आगे बढ़ानी चाहिए।






# महामहिम राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

## 2000 सीटों वाले सभागार "विश्वमित्रालय" का भी होगा उद्‌घाटन, 2016 में हुआ था पहला दीक्षांत समारोह

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** 31 मार्च को होने वाले नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु शामिल होंगी। वे नालंदा विश्वविद्यलय की विजिटर भी हैं। रहा है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, क्योंकि यह स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला पहला दीक्षांत समारोह होगा। नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्‌घाटन जून 2024 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह दूसरा दीक्षांत समारोह है। इससे पहले वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था। इस दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा विदेश मंत्रालय में सचिव (ईस्ट) पेरियासामी कुमारन शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का राष्ट्रपति के रूप में पहला दौरा होगा। महामहिम के द्वारा मेधावी छात्रों को पदक, उपाधियां वितरण किया जायेगा। वहीं उनके द्वारा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2000 सीटों वाले सभागार "विश्वमित्रालय" का उद्‌घाटन किया जायेगा। इस समारोह में पोस्ट–ग्रेजुएट और डॉक्टरेट प्रोग्राम के सभी स्नातकों को व्यक्तिगत रूप से अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है।



ये छात्र अलग–अलग देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शामिल हैं। इस दीक्षांत समारोह में 10 पीएचडी तथा 36 गोल्ड मेडल प्रदान किए जायेंगे। यह विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। दीक्षांत समारोह में आने वाले सभी एल्युमिनाई को समर्पित "मंजिरी" नामक विशेष पत्रिका का भी विमोचन किया जायेगा। नालंदा विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा संकल्पित, रूपांकित एवं विकसित किया गया है। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के प्रथम बैच से अब तक के एल्युमिनाई की यात्राओं, अनुभवों और उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा दक्षिण–पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ भी किया जायेगा। इस केंद्र की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें आसियानदृभारत शिखर सम्मेलन के दौरान की थी। नौ सालों के बाद यह दीक्षांत समारोह देश–विदेश से आए विद्यार्थियों, उनके परिजनों तथा गणमान्य अतिथियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा।